संख्या:56/2022/162 /35-4-2022

प्रेषक,

ऋषिकेश दुबे,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
गोण्डा।

नियोजन अनुभाग-4 लखनऊ दिनांक: 21 फरवरी , 2022

विषय: वित्तीय वर्ष 2021-22 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि त्वरित आर्थिक विकास योजनान्तर्गत जनपद गोण्डा में शासनादेश संख्या-71/2021/812/35-4-2021, दिनांक 25 मार्च, 2021 द्वारा सड़क निर्माण से संबंधित 10 कार्यों की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में धनराशि अवमुक्त की गई थी। उक्त शासनादेश द्वारा स्वीकृत 10 कार्यों में से निम्नांकित 02 कार्यों की अनुमोदित लागत रू0 **3773.29** लाख पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में रू0 **943.32** लाख की धनराशि अवमुक्त की गई थी। तत्पश्चात एक कार्य यथा-**देवपसिया सेल्हरी मार्ग(अन्य जिला मार्ग) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य** की शासनादेश सं0-407/2021/2282/35-4-2021, दिनांक 08 दिसम्बर, 2021 द्वारा द्वितीय किश्त के रूप में रू0 621.22 लाख तथा दूसरे कार्य यथा-**मोतीगंज दुर्जनपुर बगुलही मार्ग(अन्य जिला मार्ग) के अवशेष भाग (चैनेज 11.700 से 18.000 तक) का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य** शासनादेश सं0-567/2021/2554/35-4-2021, दिनांक 23 दिसम्बर, 2021 द्वारा रू0 322.10 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई थी। जिलाधिकारी, गोण्डा द्वारा पत्र सं0-222/1C एवं पत्र सं0-347/2C, दिनांक 02 फरवरी, 2022 द्वारा उक्त शासनादेशों से स्वीकृत कार्यों में से प्रश्नगत 02 कार्यों हेतु पूर्व में अवमुक्त धनराशि का पूर्ण व्यय होना इंगित किया गया है। एतद्द्वारा उपर्युक्त शासनादेशों द्वारा स्वीकृत प्रश्नगत कार्यों हेतु लागत के सापेक्ष पूर्व में अवमुक्त धनराशि को समायोजित करते हुए तृतीय किश्त के रूप में रू. 943.32 लाख (रूपये नौ करोड़ तैंतालिस लाख बत्तीस हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(रू. लाख में)

	शासनादेश सं0 एवं दिनांक	**कार्य**	**अनुमोदित लागत**	**प्रथम एवं द्वितीय किश्त में अवमुक्त कुल धनराशि**	**तृतीय किश्त में अवमुक्त धनराशि**
1	1. 71/2021/812/35-4-2021, दिनांक 25 मार्च, 2021**(प्रथम किश्त)** 2.407/2021/2282/35-4-2021, दिनांक 08 दिसम्बर, 2021**(द्वितीय किश्त)**	देवपसिया सेल्हरी मार्ग(अन्य जिला मार्ग) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य(चैनेज 13.000 से 25.500)	2484.89	1242.44	621.22
2	1. 71/2021/812/35-4-2021, दिनांक 25 मार्च, 2021**(प्रथम किश्त)** 2.567/2021/2554/35-4-2021, दिनांक 23 दिसम्बर, 2021**(द्वितीय किश्त)**	मोतीगंज दुर्जनपुर बगुलही मार्ग(अन्य जिला मार्ग) के अवशेष भाग (चैनेज 11.700 से 18.000 तक) का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य	1288.40	644.20	322.10
	योग:		**3773.29**	**1886.64**	**943.32**

1- उक्त सन्दर्भित शासनादेश दिनांक 25 मार्च, 08 दिसम्बर एवं 23 दिसम्बर, 2021 की शर्तें यथावत लागू रहेगी।
2- प्रश्नगत कार्य हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि नियमानुसार संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से कोषागार से आहरित कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करा दी जायेगी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

3- परियोजना के लिये स्वीकृत धनराशि ब्याज अर्जित करने के उद्देश्य से आहरित कर बैंक/डाकघर में नहीं रखी जायेगी। प्रश्नगत धनराशि आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी और तदनुसार कार्यदायी संस्था को धनराशि अवमुक्त की जायेगी।

4- कार्यो को मानकों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ स्वीकृत लागत में ही पूर्ण किया जायेगा और लागत वृद्धि अनुमन्य नहीं होगी।

5- स्वीकृत धनराशि का आहरण कर सदुपयोग सुनिश्चित किया जायेगा और यदि कोई धनराशि अप्रयुक्त/अनाहरित बचती है तो उसे 31 मार्च, 2022 से पूर्व समर्पित किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का पूरा लेखा-जोखा 31 मार्च, 2022 तक नियोजन अनुभाग-4 को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

6- राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार उ0प्र0 में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यतः कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून,2022 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा।

7- वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए स्वीकृत बजट के सापेक्ष उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय करते समय वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्याः 3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021 दिनांक 22 मार्च, 2021 में उल्लिखित शर्तो एवं निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- उपर्युक्त कार्यों पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय व्ययक में अनुदान संख्या-40-लेखाशीर्षक-5054-सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय-04-जिला तथा अन्य सड़कें-337-सड़क निर्माण कार्य-03-त्वरित आर्थिक विकास योजना-03-ग्रामीण क्षेत्रों में अधूरी सड़को के लिए एकमुश्त व्यवस्था-24-वृहद निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021 दिनांक 22 मार्च, 2021 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अनुक्रम में जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(ऋषिकेश दुबे)
विशेष सचिव।

संख्या:56/2022/162 (1)/35-4-2022 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज (इलाहाबाद)।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, प्रयागराज (इलाहाबाद)।
3- अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वित्त आयुक्त, उ0प्र0शासन।
4- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, लोक निर्माण/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग।
5- प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0शासन।
6- निजी सचिव, मा. मुख्यमंत्री जी।
7- मण्डलायुक्त, देवीपाटन मण्डल।
8- प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
9- मुख्य विकास अधिकारी, गोण्डा।
10-मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, गोण्डा ।
11-वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग- 5 ।
12-जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, गोण्डा ।
13-अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, गोण्डा ।
14-गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(ऋषिकेश दुबे)
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।